मझधार (बीच की धार) का पेशाब (MIDSTREAM URINE)

1. अपने चिकित्सक या निकटतम एओटिया पैथोलॉजी (Wellington SCL) कक्षों से एक कंटेनर प्राप्त करें।

2. शीघ्र प्रातःकाल में इकट्ठा किए गए नमूनों को प्राथमिकता दी जाती है किंतु आवश्यक नहीं।

3. खतनारहित पुरुष: शिश्न मुण्ड को ढकने वाली त्वचा (शिश्नाग्रच्छद) को पीछे हटाएँ।

4. महिलाएँ: योनिमुख संबंधी संदूषण से बचने के लिए योनि और मलाशय के बीच के क्षेत्र (पैरीनियल एरिया) को सामने से पीछे तक तथा भगोष्ठ (लेबिया) के हिस्से को टॉयलेट पेपर से पोंछ लें या गर्म पानी से धो लें।

5. कुछ पेशाब को शौचालय में जाने दें फिर कुछ सीधे स्वच्छ कंटेनर में करें जब तक कि यह आधा न भर जाए; फिर बाकी पेशाब को शौचालय में करें।

6. ढक्कन को कस कर बंद करें और पूरा नाम, जन्म तिथि और इकट्ठा करने के समय और तिथि वाला लेबल लगाएँ।

7. अपने चिकित्सक से अनुरोध प्रपत्र के साथ प्लास्टिक नमूना बैग में रखें।

8. नमूने को अपने चिकित्सक के पास या निकटतम एओटिया पैथोलॉजी (Wellington SCL) कक्षों में ले जाएँ।

9. आदर्श रूप से, पेशाब के नमूनों को तुरंत प्रशीतित (रेफ्रिजरेट) किया जाना चाहिए और चार घंटे के भीतर प्रयोगशाला को दे दिया जाना चाहिए।

कृपया अधिक जानकारी के लिए (04) 381 5900 पर मुख्य प्रयोगशाला से संपर्क करें